दिनांकः 02.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम् में भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट और एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे।
- केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज से जैसलमेर के दो दिन के दौरे पर–कल संसदीय रक्षा समिति की बैठक में भाग लेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सशक्त समाज के लिए शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को महत्वपूर्ण बताया।
- राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे चरण में कल होने वाले मतदान के लिए आज मतदान दलों की रवानगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम् में चार दिवसीय भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट और एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन का विषय है– 'निवेश, नवाचार और प्रेरणा'। सम्मेलन में 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान नीति निर्माता, निवेशक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि स्वच्छ ऊर्जा में निवेश, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने के मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। सम्मेलन में 13 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, निवेश के अवसरों और विनिर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इस सम्मेलन के साथ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की नौवीं सभा और चौथा अंतरराष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।

000

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज से जैसलमेर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे शाम को विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचेगे और वहां से सीधे आर्मी कैंट के लिए रवाना होंगे। श्री सिंह कल संसदीय रक्षा समिति की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में देश की रक्षा नीति और सीमावर्ती सुरक्षा से जुड़े रणनितिक विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में लोकसभा के 15 और राज्यसभा के 9 सांसद शामिल होंगे। इनमें विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व रहेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक के लिए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन का डिजाइन तैयार हो गया है और इसके निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। श्री वैष्णव ने कल बेंगलुरु में बीईएमएल में हाई स्पीड ट्रेन के मॉडल और विभिन्न प्रणालियों का निरीक्षण करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप अगले साल की शुरुआत में तैयार हो सकता है। मुंबई–अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर और भविष्य के अन्य कॉरिडोर के लिए बनाई जा रही स्वदेशी हाई स्पीड ट्रेन बी–28 ने एक महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल कर लिया है। रेल मंत्री ने विश्वास जताया कि बीईएमएल के नेतृत्व वाले समूह द्वारा विकसित हाई स्पीड ट्रेन बी–28 सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरेगी।

000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले में पुलिस की ओर से साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने बताया कि गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रमों तथा पंपलेट के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने लोगों से संदिग्ध मोबाइल लिंक नहीं खोलने और किसी के साथ ओटीपी साझा नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। जागरूकता और सावधानी से साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता से समाज सशक्त बनता है। वे कल जयपुर में कायमखानी समाज के प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियां दूर करने में समाज के प्रबुद्धजनों से सहयोग का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में अटल ज्ञान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की सरकार ने 410 से अधिक भर्ती परीक्षाएं बिना पेपर लीक के आयोजित की हैं और एक लाख 93 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी हैं। उन्होंने शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण, क्षेत्र में तीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे और यमुना जल को धरातल पर लाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर कायमखानी समाज के प्रतिनिधियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

000

श्रीगंगानगर को नशामुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन और एनआईसी ने एकीकृत ड्रग उन्मूलन ट्रैकिंग एवं प्रबंधन पोर्टल का प्रस्ताव तैयार किया है। यह पोर्टल 'फिट गंगानगर सोसाइटी' परियोजना का हिस्सा होगा।

इसके तहत 13 विभाग नशे की रोकथाम, उपचार और तस्करी पर कार्रवाई के लिए मिलकर काम करेंगे। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमजीत सिंह ने बताया कि पोर्टल में नौ मॉड्यूल होंगे। जिला कलेक्टर और एनआईसी के पास इसका केंद्रीय लाइव डैशबोर्ड रहेगा। इसके माध्यम से नशे के हॉटस्पॉट और तस्करों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी।

000

राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए आज विभिन्न जिलों से मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के बाद रवाना किया जा रहा है। इस चरण में भी विभिन्न जिला परिषदों और पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए मतदान होगा। कल सुबह सात से शाम छह बजे तक वोट डाले जायेगे। तीसरे चरण में प्रदेश के 27 जिलों में 377 पंचायत समितियों के अंतर्गत जिला परिषद के एक हजार 305 और पंचायत समिति के दो हजार 119 वार्डों में चुनाव होंगे। इस चरण में एक करोड़ छह लाख 81 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें करीब 55 लाख 48 हजार पुरुष और 51 लाख 33 हजार महिला मतदाता शामिल हैं।

000

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के लाहपुर वनक्षेत्र में बाघिन टी–93 अपने शावक के साथ नजर आई है। इसके साथ ही रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रथम में बाघों की कुल संख्या बढ़कर 63 हो गई है। उपवन संरक्षक प्रथम मानस सिंह ने बताया कि बाघिन और उसके शावकों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। फील्ड स्टाफ को विशेष सतर्कता बरतने और उनके विचरण में बाधा नहीं पहुंचने देने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग के अनुसार, बाघिन के साथ शावक की मौजूदगी बाघों के प्रजनन और संरक्षण की दृष्टि से सकारात्मक संकेत है।

000